पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय सीतापुर

प्रथम आवधिक परीक्षा सत्र ~2025- 2026

कक्षा- दसवीं विषय-हिन्दी

समय-1.30घंटे
पूर्णांक40

1.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए। 5×1=5

महिला सशक्तिकरण से महिलाएँ आत्मनिर्भर बनती हैं। जिससे वह अपने जीवन से जुड़े सभी फैसले स्वयं लेती हैं और परिवार व समाज में अपना स्थान बनाती हैं। समाज में उनके वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना ही महिला सशक्तिकरण है। महिला सशक्तिकरण भौतिक, अध्यात्मिक शारीरिक तथा मानसिक स्तर पर महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। ग्रामीण महिलाएँ सदियों से घर तथा खेत में पुरुषों के बराबर ही काम करती आई हैं, लेकिन वहाँ उन्हें सामंती सोच के कारण दूसरे दर्जे का नागरिक ही माना जाता रहा। ग्रामीण समाज की सोच बदलने का वक्त आ गया है। महिलाओं की उन्नति के लिए गाँव में कार्य किया जाना चाहिए। नारी सशक्तिकरण के इस वर्तमान दौर में महिलाएँ केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ ही नहीं हुई अपितु समाज एवं परिवार की सोच में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देने प्रारंभ हो गए हैं। आज महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में स्वयं के बल पर आगे बढ़ रही हैं। चाहे वह सामाजिक क्षेत्र हो, राजनीति हो, शिक्षा हो या रोजगार हो सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपना परचम लहराया है। वर्तमान समय में लोग बेटियों को बोझ समझ कर दुनिया में आने से पहले ही मारे नहीं इसलिए सरकार ने बहुत सारी योजनाओं जैसे 'लाडली योजना', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' व 'उड़ान' आदि योजनाओं की शुरुआत की है।

1.गद्यांश के आधार पर बताइए कि ग्रामीण महिलाओं को किस तरह का नागरिक माना जाता रहा है?

क. पहले दर्जे का ख.दूसरे दर्जे का ग.तीसरे दर्जे का घ. इनमें से कोई नहीं

2. महिलाओं की उन्नति के लिए अब कहाँ कार्य किया जाना चाहिए ?

क.शहरों में ख.गाँव में ग. नगरों में घ. इनमें से कोई नहीं

3.गद्यांश के आधार पर बताइए कि वर्तमान में महिलाएँ किस के बल पर आगे बढ़ रही हैं?

क. पुरुषों के बल पर  ख. समाज के बल पर  ग. स्वयं के बल पर  घ. इनमें से कोई नहीं

4.गद्यांश के आधार पर बताइए कि वर्तमान समय में महिलाओं के लिए सरकार ने कौन-कौन सी योजनाएँ चलाई हैं?

क. लाडली योजना  ख. उड़ान योजना  ग. बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ  घ.उपरोक्त सभी

5. महिला सशक्तिकरण से महिलाएं बनती हैं।

क. आत्मनिर्भर  ख. आत्म प्रशंसक  ग. गृहिणी  घ. कोई नहीं

2.निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

5×1=5

माना कि रंग हैं अपने देश में
हैं भेद बहुत रहन-सहन भाषा वेश में
लेकिन सभी में अंतरंग ही विशेष है
मिले हुए हैं क्योंकि एक देश-परिवेश है
देश के, प्रदेश के, परदेस के विचार का
समय नहीं है मित्र आज,
रँग सको किसी तरह तो
प्रेम-शांति रंगों में रँगो ।
है कौन दूर, कौन पास अपने देश में,
है भारतीय आत्मा हर वेश में,
प्रत्येक मुख से झलकता माँ का ही प्यार है।
मद्धिम चलने में देखिए, अजब बहार है।
रोध का, विरोध का और प्रतिरोध का--
समय नहीं है मित्र आज,
बुन सको किसी तरह तो
शांति का वितान तुम बुनो।

1. आज मनुष्य के पास किस बात के लिए समय नहीं है?

क.देश-परदेस के विषय में सोचने के लिए  ख.किसी बात का रोध-प्रतिरोध करने के लिए

ग.स्वयं के विषय में सोचने के लिए घ.विकल्प ‘एक व दो’ दोनों

2.कवि देशवासियों को किसमें रँगना चाहता है?

क.प्रेम-शांति के रंग में ख.नफ़रत के रंग में ग.भाषा के रंग में घ.विविधता के रंग में

3.हर भारतीय के मुख से क्या झलकता है?

क.अपनी भाषा का प्यार ख.माँ का प्यार ग.परदेस का प्यार घ.शांति का प्यार

4.कौन-सा कथन सही नहीं है?

क.भारत में अनेकता में एकता पाई जाती है ख.यहाँ अलग-अलग धर्मों के लोग रहते हैं।

ग.रहन-सहन, खान-पान, वेश-भूषा भिन्न-भिन्न हैं घ.यहाँ विविधताओं के बावजूद सबकी आत्मा अलग-अलग है

5. अंतरंग शब्द का विलोम होगा ।

क. भीतरी। ख. बाहरी। ग. बहिरंग। घ. आंतरिक

3.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10×1=10

1.. दीपक जला और अंधेरा नष्ट हुआ। वाक्य पहचानिए ।

क.संयुक्त ख .संकेत वाचक ग.विधान वाचक घ.मिश्र

2.जैसे ही राधा आयी, वैसे ही पार्टी शुरू हो गयी |

क .समुच्चयबोधक। ख .सरल ग.संयुक्त घ.मिश्रित

3.‘उसने पिज्जा खाया और चक्कर खाकर गिर पड़ा’ वाक्य का मिश्र वाक्य रूपांतरण होगा ।

(क) उसने जैसे ही पिज्जा खाया, वैसे ही चक्कर खाकर गिर पड़ा।
(ख) पिज्जा खाते ही वह चक्कर खाकर गिर पड़ा।

(ग) वह पिज्जा खाकर चकराकर गिर पड़ा।
(घ) पिज्जा वह जैसे ही खाया चक्कर खाकर गिर पड़ा।

4.)"आप पार्क जाएँगे"    वाक्य संबंधित ।

क) संयुक्त वाक्य से।    (ख) सरल वाक्य से।    (ग) मिश्र वाक्य से।    (घ) प्रश्न वाक्य से

5."उषा सुनहले तीर बरसती, जय लक्ष्मी-सी उदित हुई"  पंक्ति में अलंकार है।

(क) रूपक।    (ख) उपमा।    (ग) अतिशयोक्ति।    (घ) मानवीकरण

6.पड़ी अचानक नदी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार ?
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार। पंक्ति में अलंकार है ।

(क) रूपक।    (ख) अतिशयोक्ति।    (ग) उपमा।    (घ) उत्प्रेक्षा

7..उदित उदयगिरि मंच पर रघुवर बाल-पतंग। पंक्ति में अलंकार है ।

(क) उपमा।    (ख) उत्प्रेक्षा।    (ग) रूपक।    (घ) भ्रांतिमा

8.लट लटकनि मनो मत्त मधुप गन मादक मधुहि पिये। पंक्ति में अलंकार है ।

(क) उपमा।    (ख) उत्प्रेक्षा।    (ग) रूपक।    (घ)संदेह

9. अलंकार के प्रमुख कितने भेद हैं?

क.5।    ख.4।    ग.6।    घ.2

10. रचना के आधार पर वाक्य के भेद हैं?

क.3।    ख.4।    ग.5।    घ.6

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।    5×2=10

1. कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है?

2. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या - क्या विशेषताएं बताई हैं?

3. कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है?

4. भगत की पुत्रवधू भगत को अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

5. बच्चे माता - पिता के प्रति अपना प्रेम किस प्रकार अभिव्यक्त करते हैं?

प्रश्न 5. "राजभाषा का महत्व" अथवा "इंटरनेट की दुनिया" किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5× 1=5

प्रश्न 6. विद्यालय छोड़ने के लिए अथवा शुल्क प्रतिपूर्ति में से किसी भी एक विषय पर अपने प्रधानाचार्य के नाम पत्र लिखिए। 5× 1=5